**संख्या: Pr. AG (Audit-I)/Rec./AC/AMC/2021/05/320-326**

**भारत सरकार**

**कार्यालय प्रधान महालेखाकार (लेखापरीक्षा-I), पश्चिम बंगाल**

**ट्रेजरी बिल्डिंग्स (प्रथम तल), 2, गवर्नमेंट प्लेस (पश्चिम), कोलकाता – 700 001**

**(भारतीय लेखा एवं लेखापरीक्षा विभाग)**

दिनांक: 19.02.2026

निविदा आमंत्रण सूचना

1. ट्रेजरी बिल्डिंग्स के प्रथम तल तथा जी. आई. प्रेस बिल्डिंग, 8, के. एस. रॉय रोड, कोलकाता – 700 001 के द्वितीय तल हेतु प्रतिष्ठित ब्रांड के 03 (तीन) पोर्टेबल 1 टीआर ए.सी. की आपूर्ति के लिए प्रतिष्ठित, अनुभवी एवं वित्तीय रूप से सक्षम फर्मों से मुहरबंद कोटेशन आमंत्रित किए जाते हैं। नियम एवं शर्तें तथा विवरण क्रमशः परिशिष्ट में संलग्न हैं।
2. निर्धारित प्रारूप (परिशिष्ट 'बी') में विधिवत भरी गई निविदा, आवश्यक दस्तावेजों सहित, एक लिफाफे में सीलबंद कर, जिस पर "ट्रेजरी बिल्डिंग्स, कोलकाता – 700 001 के प्रथम तल में 03 (तीन) पोर्टेबल 1 टीआर ए.सी. की आपूर्ति" अंकित हो, उसे वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारी (अभिलेख एवं संपदा), कार्यालय प्रधान महालेखाकार (लेखापरीक्षा-I), पश्चिम बंगाल, ट्रेजरी बिल्डिंग्स, 2, गवर्नमेंट प्लेस (पश्चिम), कोलकाता – 700 001 को भेजा जाए, जो दिनांक 27.02.2026 को 12:00 (मध्याह्न) बजे तक या उससे पूर्व प्राप्त हो जानी चाहिए। निर्धारित समय के पश्चात प्राप्त निविदाओं पर विचार नहीं किया जाएगा।
3. निविदाएँ **दिनांक 27.02.2026 को 12:30 (अपराह्न)** बजे इस कार्यालय की क्रय समिति द्वारा खोली जाएँगी, जिसमें इच्छुक निविदादाता उपस्थित हो सकते हैं। यदि किसी अपरिहार्य कारणवश निविदा खोलने की निर्धारित तिथि "अवकाश" घोषित हो जाती है, तो निविदाएँ अगले कार्यदिवस को उसी समय अथवा कार्यालय द्वारा निर्धारित अन्य तिथि एवं समय पर खोली जाएँगी।
4. कोटेशन प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय: 27.02.2026, 12:00 (मध्याह्न) बजे तक।
5. कोटेशन खोलने की तिथि एवं समय: 27.02.2026, 12:30 (अपराह्न) बजे।

ह0/- 19/02/26

**वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारी (अभिलेख एवं संपदा)**

**प्रतिलिपि (केवल ई-मेल द्वारा) सूचनार्थ एवं व्यापक प्रसार हेतुः**

1. वरिष्ठ लेखा अधिकारी (रिकॉर्ड), कार्यालय प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी), पश्चिम बंगाल, ट्रेजरी बिल्डिंग्स, 2, गवर्नमेंट प्लेस (पश्चिम), कोलकाता – 700 001।
2. वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारी (रिकॉर्ड), कार्यालय महानिदेशक लेखापरीक्षा (केंद्रीय), कोलकाता, 8, के. एस. रॉय रोड, कोलकाता – 700 001।
3. वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारी (रिकॉर्ड), कार्यालय महालेखाकार (लेखापरीक्षा-II), पश्चिम बंगाल, तृतीय एम.एस.ओ. भवन, सी.जी.ओ. कॉम्प्लेक्स (पाँचवाँ तल), डी.एफ. ब्लॉक, साल्ट लेक, कोलकाता – 700 064।
4. वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारी (रिकॉर्ड), कार्यालय महानिदेशक लेखापरीक्षा (खनन), 1, काउंसिल हाउस स्ट्रीट, कोलकाता – 700 001।
5. वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारी (रिकॉर्ड), कार्यालय प्रधान निदेशक लेखापरीक्षा, पूर्व रेलवे, न्यू के. जी. बिल्डिंग, ओल्ड स्ट्रैंड रोड, कोलकाता – 700 001।
6. सूचना पट्ट।
7. विभागीय वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु ईडीपी अनुभाग को प्रेषित।

## अनुलग्नक – 'A'

**इच्छुक निविदादाताओं को निम्नलिखित नियम एवं शर्तों का पालन करना होगा:**

1. निविदा प्रपत्र में की गई सभी प्रविष्टियाँ स्पष्ट एवं पठनीय रूप में भरी जानी चाहिए। यदि सूचना देने हेतु स्थान अपर्याप्त हो, तो अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता द्वारा विधिवत हस्ताक्षरित पृथक पत्रक संलग्न किया जा सकता है। कोटेशन में किसी प्रकार की काट-छाँट अथवा अधिलेखन (ओवरराइटिंग) स्वीकार्य नहीं होगा। ऐसे मामलों में निविदा को तत्काल निरस्त कर दिया जाएगा। अपूर्ण कोटेशन अस्वीकार कर दिए जाएँगे।
2. सशर्त निविदाओं पर विचार नहीं किया जाएगा तथा उन्हें प्रथम दृष्टया ही निरस्त किए जाने की संभावना होगी।
3. कार्यालय न्यूनतम दर स्वीकार करने के लिए बाध्य नहीं है तथा बिना कोई कारण बताए किसी भी निविदा को पूर्णतः या आंशिक रूप से स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। इस संबंध में कार्यालय का निर्णय अंतिम एवं फर्म पर बाध्यकारी होगा।
4. सक्षम प्राधिकारी, एकाधिक L-1 निविदादाताओं की स्थिति में, सभी L-1 निविदादाताओं के साथ वार्ता (नेगोशिएशन) करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
5. सक्षम प्राधिकारी बिना कोई कारण बताए किसी भी समय एन.आई.क्यू. अथवा अनुबंध को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
6. उद्धृत दरें सभी करों एवं प्रभारों सहित होंगी। सरकारी आदेशानुसार स्रोत पर कर कटौती (टी.डी.एस.) एवं अन्य लागू कटौतियाँ (यदि कोई हों) बिलों से की जाएँगी।
7. जिन फर्मों ने पूर्व में राज्य/केंद्र सरकार के किसी मंत्रालय/विभाग अथवा अन्य प्रतिष्ठित संगठन के साथ इसी प्रकार का कार्य किया हो (जिसका विवरण कोटेशन के साथ संलग्न किया जा सकता है), उन्हें प्राथमिकता दी जाएगी।
8. एजेंसी निविदा प्रस्तुत करने से पूर्व किसी भी कार्यदिवस में प्रातः 11:00 बजे से अपराह्न 2:00 बजे के बीच संबंधित परिसर का निरीक्षण कर सकती है। यह माना जाएगा कि एजेंसी ने स्थल की परिस्थितियों का पूर्ण अवलोकन कर लिया है (चाहे वास्तविक निरीक्षण किया गया हो अथवा नहीं)। कोटेशन जमा करने के पश्चात किसी भी प्रकार की पूछताछ पर विचार नहीं किया जाएगा।
9. कार्य में किसी भी नाबालिग को नियोजित नहीं किया जाएगा।
10. भारत सरकार के जी.एफ.आर. के प्रावधानों के अनुसार अग्रिम भुगतान अनुमन्य नहीं है। फर्म को अपने बिल तीन प्रतियों में प्रस्तुत करने होंगे। सामान्यतः भुगतान की प्रक्रिया औसतन दो से तीन सप्ताह का समय लेती है। यदि किसी भी कारणवश भुगतान में विलंब होता है, तो ठेकेदार देय राशि पर किसी प्रकार का ब्याज नहीं लेगा।
11. सफल निविदादाता को बैंक विवरण संबंधी मैंडेट फॉर्म, संबंधित बैंक द्वारा विधिवत सत्यापित, प्रस्तुत करना होगा। भुगतान केवल चेक के माध्यम से, मरम्मत कार्य पूर्ण होने के एक माह पश्चात किया जाएगा।
12. किसी भी सरकारी संगठन द्वारा ब्लैकलिस्ट की गई फर्म निविदा प्रक्रिया में भाग लेने की पात्र नहीं होगी। किसी ब्लैकलिस्टेड एजेंसी को संलग्न करने वाली एजेंसी भी ब्लैकलिस्ट किए जाने की उत्तरदायी होगी।
13. इस निविदा/अनुबंध से उत्पन्न या संबंधित सभी विवाद एवं मतभेद केवल कोलकाता स्थित न्यायालयों के विशिष्ट अधिकार क्षेत्राधिकार के अधीन होंगे।
14. फर्म को वैध जी.एस.टी. प्रमाणपत्र एवं पैन कार्ड की प्रति प्रस्तुत करनी अनिवार्य है। इनके अभाव में कोटेशन को वैध नहीं माना जाएगा।
15. एन.आई.क्यू. में किसी भी प्रकार का संशोधन/परिवर्धन कार्यालय की वेबसाइट https://agwb.cag.gov.in/ पर अपलोड किया जाएगा। इच्छुक निविदादाता अद्यतन जानकारी हेतु समय-समय पर वेबसाइट का अवलोकन करते रहें।

**अनुलग्नक – 'B'**

सेवा में,
**वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारी (अभिलेख एवं संपदा)**
कार्यालय प्रधान महालेखाकार (लेखापरीक्षा-I), पश्चिम बंगाल
2, गवर्नमेंट प्लेस (पश्चिम), ट्रेजरी बिल्डिंग्स, प्रथम तल,
कोलकाता – 700 001

**विषय:** ट्रेजरी बिल्डिंग्स, कोलकाता – 700 001 के प्रथम तल में 03 (तीन) पोर्टेबल 1 टीआर ए.सी. की आपूर्ति।

महोदय,

आपकी निविदा सूचना संख्या Pr. AG (Audit-I)/Rec./AC/AMC/2021/05 दिनांक .02.2026 के संदर्भ में, निम्नानुसार कोटेशन प्रस्तुत किया जाता है:

| **क्रम सं.** | **वस्तु का विवरण** | **मात्रा** | **दर (रुपये में)** | **राशि (सभी करों सहित)** |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 03 (तीन) पोर्टेबल 1 टीआर ए.सी. की आपूर्ति<br>ब्रांड : प्रतिष्ठित | 03 (तीन) | | |
| **कुल योग** | | | | |

मैं यह घोषणा करता हूँ कि मैंने निविदा सूचना को भली-भाँति पढ़ एवं समझ लिया है तथा उसमें उल्लिखित सभी नियमों एवं शर्तों का पालन करने हेतु सहमत हूँ।

भवदीय,

दिनांक:

अधिकृत हस्ताक्षर (मोहर सहित)